CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 27 ▫ अंक- 337 ▫ रायपुर, मंगलवार 31 दिसम्बर 2024 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

# जाते-जाते दर्द दे गया साल का आखिरी दिन

**आज जब नए वर्ष 2025 के स्वागत के लिए सारी दुनिया बेचैन है और तैयारियों में जुटी हुई है, कोई मंदिर जाने की योजना बना रहा है, कोई झरनों में नहाने की योजना बना रहा है, कोई बस्तर की वादियों में घूमने का मन बनाया हुआ है, देश-प्रदेश के सारे पिकनिक स्पॉट जब सैलानियों से भरे हुए हैं तब कई परिवारों में मातम भी छाई हुई है। किसी की पत्नी, किसी का बेटा और किसी की मां कल की नई सुबह नहीं देख पाए और कई दर्दनाक हादसे के शिकार हो गए हैं। वे सदैव के लिए हमसे बिछड़ गए हैं।**

## राजधानी में 2 युवकों की दर्दनाक हत्या

**रायपुर,** 31 दिसंबर (हाईवे चैनल)। राजधानी रायपुर में नये साल से ठीक पहले दो युवकों की हत्या से हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि बदमाशों ने आपसी विवाद के बाद दोनों युवकों पर जानलेवा हमला कर मौत के घाट उतार दिया। पूरा मामला डीडी नगर थाना क्षेत्र का है। सोमवार की देर रात हुए इस हत्याकांड की जानकारी मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने वारदात के बाद 6 संदिग्धों को हिरासत में लिया है।



**पुलिस ने 6 को किया अरेस्ट**

जानकारी के मुताबिक मामला डीडी नगर थाना क्षेत्र के चंगोराभांठा इलाके की बताई जा रही है। यहां बीते देर रात आरोपियों ने दो युवकों पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना के बाद दोनों युवकों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां देर इलाज के दौरान एक युवक ने दम तोड़ दिया, जबकि दूसरे युवक की सुबह मौत हो गई। मृतकों का नाम कृष्णा यादव और सचिन बडोले बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि सोमवार की देर रात मृतकों और आरोपियों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि बदमाशों ने दोनों युवक पर अपने पास रखे चाकू से ताबड़तोड़ जानलेवा हमला कर दिया। जिसके बाद दोनों युवक को चिंताजनक हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान दोनों युवक की मौत हो गई। घटना की शिकायत के बाद एसएसपी लाल उमेंद्र सिंह सहित पुलिस अधिकारी खुद मौके पर पहुंचे। पुलिस ने इस हत्याकांड की जांच के दौरान 6 संदिग्ध आरोपियों को हिरासत में लिया है। जिनसे पूछताछ जारी है।

## ट्रक चालक ने सड़क किनारे बैठे यात्रियों को रौंदा, दो बच्चों की मौत, 13 लोग घायल







**अमरकंटक की यात्रा कर लौट रहा था साहू परिवार**

**धरसीवां,** 31 दिसम्बर (हाईवे चैनल) राजधानी रायपुर से लगे धरसीवां इलाके में दर्दनाक सड़क हादसे में दो बच्चों की मौत हो गई. रायपुर-बिलासपुर हाईवे पर सांकरा से सिमगा सिक्स लाइन पर देर रात ट्रक चालक ने जानबूझकर सड़क किनारे बैठे तीर्थ यात्रियों के ऊपर गाड़ी चढ़ा दी, जिससे दो बच्चों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया. वहीं 13 लोग घायल हो गए.

जानकारी के मुताबिक, घटना सांकरा से सिमगा सिक्स लाइन पर सिलतरा ओवरब्रिज के ऊपर हुई. धमतरी का साहू परिवार अमरकंटक की यात्रा कर कार से वापस धमतरी की ओर आ रहा था. अचानक गाड़ी में कुछ खराबी आने से साहू परिवार सिक्स लाइन किनारे गाड़ी खड़ी कर सुधार रहा था. सभी यात्री सड़क किनारे बैठे हुए थे, तभी श्री सीमेंट से सीमेंट लेकर आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी-08 एबी- 8811 के चालक महेंद्र कुमार ने सड़क किनारे की पट्टी पर गाड़ी दौड़ाते हुए सड़क किनारे बैठे तीर्थ यात्रियों को रौंद दिया.

घटना की सूचना मिलते ही सिलतरा पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया. वहीं घायलों को अस्पताल पहुंचाया. इस घटना में मोनिका साहू पिता धर्मेंद्र साहू उम्र 14 वर्ष एवं आराध्य साहू उम्र 12 वर्ष निवासी धमतरी की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं प्रार्थना साहू, निशा साहू, निर्मला साहू, धर्मेंद्र साहू, ललित साहू, माही साहू, ओम प्रकाश, गीतांजलि, दीक्षा, रितेश, प्रेरणा एवं चालक नरोत्तम कुल 13 तीर्थ यात्री घायल हो गए. घायलों में कुछ की हालत गंभीर है. सभी को प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर के मेकहारा और निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है.

## स्कूली बच्चों से भरी वाहन हुई दुर्घटनाग्रस्त एक बच्चे की गई जान, 4 घायल



**बालोद,** 31 दिसंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक स्कूली बच्चे की मौत हो गई, जबकि चार बच्चे घायल हो गए, वहीं एक बच्चे की हालत गम्भीर बताई जा रही है जिन्हें ईलाज के लिए हायर सेंटर पहुंचाया गया है। जानकारी के मुताबिक यहां स्कूली बच्चों से भरी टाटा मैजिक वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई, इस भीषण सड़क दुर्घटना में एक बच्चे की मौत हो गई,जबकि एक बच्चे की हालत गम्भीर बताई जा रही है.. वहीं चार बच्चे घायल हैं। इधर मामले की सूचना पर पुलीस मौके पर पहुंचकर जांच शुरु कर दी है।

जानकारी के मुताबिक घटना बालोद जिले के गुरुर थाना क्षेत्र की है, जहां 12 स्कूली बच्चे मैजिक वाहन में सवार होकर स्वामी आत्मानंद स्कूल निपानी जा रहे थे,उसी दौरान वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई,इस हादसे में 12 साल के एक बच्चे कुणाल साहू की मौत की खबर है, वहीं चार अन्य घायल बच्चों को गुरुर अस्पताल पहुंचाया गया है जहां उनका उपचार जारी है,वहीं एक बच्चे की हालत गम्भीर बताई जा रही है, जिन्हें ईलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है।

जानकारी के मुताबिक बताया जा रहा है कि वाहन तेज रफ्तार में थी। और वाहन चालक के लापरवाही के कारण ही ये हादसा हुई है,इस घटना के बाद इलाके में शोक की लहर है,वहीं परिजनों रो, रोकर बुरा हॉल है। इधर हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### तालिबान ने पाकिस्तान के सैन्य चौकी पर किया कब्जा

**नई दिल्ली,** 31 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच एक बार फिर से तनाव बढ़ गया है। दोनों देशों के बीच सीमा पर होने वाली झड़पें और संघर्ष लगातार बढ़ते जा रहे हैं। अफगानिस्तान के तालिबानी लड़ाके डूरंड लाइन पार करके पाकिस्तान के अंदर घुस रहे हैं और वहां स्थित पाकिस्तानी सैन्य चौकियों पर हमले कर रहे हैं। हाल ही में एक और सनसनीखेज घटना सामने आई, जब तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने पाकिस्तान की एक सैन्य चौकी पर कब्जा कर लिया और इसे लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। इस वीडियो में तालिबान के लड़ाके पाकिस्तानी सैन्य चौकी पर ध्वज उखाड़कर अपनी झंडे लहरा रहे हैं। हालांकि, अब पाकिस्तान की सेना ने इस घटना पर अपनी सफाई दी है।

### वंदे भारत से 13 घंटे में सीधे श्रीनगर

**नई दिल्ली,** 31 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। देश के लोगों को नए साल में रेलवे की ओर से बड़ी सौगात मिलने वाली है। दिल्ली से श्रीनगर को सीधे जोड़ने वाली वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत जनवरी 2025 में होने की संभावना है। यह ट्रेन 800 किलोमीटर का सफर 13 घंटे से भी कम समय में तय करेगी। वर्तमान में इस रूट पर ट्रायल जारी है। इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उद्घाटन यात्रा में शामिल होंगे। जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 जनवरी 2025 को नई दिल्ली-श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। साथ ही, उद्घाटन के दिन वह इस ट्रेन में यात्रा भी करेंगे।कश्मीर रेलवे प्रोजेक्ट पर पिछले 32 सालों से काम चल रहा है। ऊंचे पहाड़ों को काटकर टनल और ट्रैक बनाने जैसे कठिन कार्यों का सामना करते हुए रेलवे ने दुनिया का सबसे ऊंचा और खूबसूरत चिनाब पुल बनाकर इस प्रोजेक्ट को सफल बनाया है।





**चूहा- सुनती हो, अरविन्द केजरीवाल अब पुजारियों को भी 18 हजार देने का ऐलान कर गए हैं।**

**चुहिया- हां जी, भगवान के शरण में जाने के लिए भी तो शुल्क चुकाना पड़ेगा।**

**आरक्षक भर्ती गड़बड़ी मामला**

## 3 पुलिसकर्मियों के साथ महिला अभ्यर्थी गिरफ्तार



**राजनांदगांव,** 31 दिसंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में पुलिस भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी के मामले में एक और बड़ी कार्रवाई हुई है. पुलिस ने आज 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें तीन पुलिसकर्मी और एक महिला अभ्यार्थी शामिल हैं. आरोप है कि इन आरोपियों ने आरक्षक भर्ती परीक्षा में अनुचित तरीके से इवेंट में नंबर बढ़ाने की साजिश रची थी.


**अब तक 7 आरक्षक समेत 11 पकड़ाए**

लालबाग थाने में आरक्षक भर्ती संवर्ग में अभ्यर्थियों को मशीन में छेड़खानी कर अंक में लाभ दिलाने को लेकर अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया था. इस मामल में कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल चैटिंग मैसेज और गवाहों के बयान के आधार पर आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाए जाने पर पूर्व में 4 पुलिसकर्मी समेत 7 लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था.

इसी मामले में विवेचना के दौरान अब पुलिस ने आरोपी आरक्षक विकास सिंह राजपूत (27 वर्ष), कार्तिक देशलहरे (43 वर्ष), सुन्दर लाल नेताम (46 वर्ष) और महिला अभ्यर्थी नेहा चंद्रवंशी (23 वर्ष) को गिरफ्तार किया है. इन आरोपियों का ताल्लुक विभिन्न क्षेत्रों से है, जिनमें मुंगेली, खैरागढ़, कबीरधाम और लालबाग शामिल हैं. इस मामले में अब तक कुल 11 लोग गिरफ्तार हो चुके हैं, जिनमें 7 पुलिसकर्मी, 2 हैदराबाद के टेक्निशियन और 2 महिला अभ्यर्थी शामिल हैं. गौरतलब है कि पुलिस भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी का खुलासा तब हुआ था जब पुलिस आरक्षक अनिल कुमार रत्नाकर ने इस घोटाले को उजागर करते हुए आत्महत्या कर ली. आरक्षक अनिल रत्नाकर का शव 21 दिसंबर को ग्राम रामपुर के पास फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला था. मृतक ने अपने हाथ में लिखा था कि भर्ती प्रक्रिया में केवल कर्मचारियों को फंसाया जा रहा है, जबकि अधिकारी भी इस घोटाले में शामिल हैं. आत्महत्या के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) दीपक कुमार झा ने विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया है. आईजी ने एसआईटी को 10

## चंद्रबाबू नायडू देश के सबसे अमीर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की संपत्ति सबसे कम

**नई दिल्ली,** 31 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। भारत के 31 मुख्यमंत्रियों के बीच वित्तीय विभाजन चौंकाने वाला है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की नवीनतम रिपोर्ट में सामने आया है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू को 931 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ सबसे अमीर नामित किया गया है, जबकि पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी स्पेक्ट्रम के दूसरे छोर पर हैं, जिनकी संपत्ति का मूल्य मात्र 15 लाख रुपये है। सभी मुख्यमंत्रियों की कुल संपत्ति संयुक्त रूप से 1,630 करोड़ रुपये है, जिसमें प्रति नेता औसतन 52.59 करोड़ रुपये है।





एडीआर के निष्कर्ष सोमवार को जारी किए गए, जो भारत के राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के नेताओं की वित्तीय स्थिति पर प्रकाश डालते हैं। जहां नायडू इस सूची में सबसे आगे हैं, वहीं अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू 332 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति के साथ दूसरे सबसे अमीर हैं। कर्नाटक के सिद्धारमैया 51 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति के साथ शीर्ष तीन में हैं। संपत्ति के अलावा, रिपोर्ट में मुख्यमंत्रियों की देनदारियों का भी जिक्र किया गया है। पेमा खांडू पर सबसे ज्यादा 180 करोड़ रुपये की देनदारी है।

सिद्धारमैया की देनदारी 23 करोड़ रुपये बताई गई है, जबकि नायडू की देनदारी 10 करोड़ रुपये से अधिक है। इससे पता चलता है कि कुछ सबसे धनी नेताओं पर भी काफी कर्ज है, जिससे उनकी समग्र वित्तीय स्थिति प्रभावित हो रही है। दूसरी ओर, पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सबसे गरीब हैं, उनकी संपत्ति का मूल्य सिर्फ 15 लाख रुपये है।

जम्मू-कश्मीर के उमर अब्दुल्ला दूसरे सबसे गरीब सीएम हैं, उनकी संपत्ति का मूल्य केवल 55 लाख रुपये है। केरल के पिनाराई विजयन सबसे गरीबों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं, उनकी संपत्ति सिर्फ 1.18 करोड़ रुपये है।

## पंजाब सरकार ने किसान नेता को अस्पताल भेजने के लिए मांगा और समय

**नई दिल्ली,** 31 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। पंजाब किसान जगजीत सिंह डल्लेवाल की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल 36 दिन से जारी है। बीमार किसान नेता के उपचार और उनकी सेहत ठीक रखने के लिए उठाए कदमों की आज सुप्रीम कोर्ट में समीक्षा की जानी थी। मगर, राज्य सरकार ने बताया कि डल्लेवाल को अस्पताल जाने के लिए मनाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन वो मान नहीं रहे हैं। साथ ही सरकार ने डल्लेवाल को अस्पताल में भर्ती कराने के शीर्ष अदालत के आदेश का पालन करने के लिए तीन दिन का और समय मांगा। इस पर अदालत ने सुनवाई दो जनवरी तक टाल दी। बता दें, इससे पहले पंजाब सरकार के अधिकारियों की एक टीम 29 दिसंबर को 70 वर्षीय डल्लेवाल के पास गई थी। उन्हें चिकित्सा सहायता लेने के लिए मनाने का प्रयास किया गया, लेकिन डल्लेवाल ने इनकार कर दिया।

## 29वीं पुण्यतिथि



**स्व.मायाराम सुरजन**

(29 मार्च 1923-31 दिसम्बर 1994)

अब प्रेस के चिल्लाने से कुछ होता-हवाता नहीं है। सरकारों का ख्याल है कि प्रेस की छींटाकशी करने की आदत ही पड़ गई है। और जब प्रेस सरकार को अपनी जिम्मेदारी का एहसास कराना चाहता है तो सरकार उस जिम्मेदारी को समझने के बजाय किसी छोटे अखबार का इस्तेमाल शुरू कर देती है।

**मायाराम सुरजन**

दरअसल/सरकारों और अखबारों के बीच स्वस्थ रिश्ते आवश्यक

(6 जनवरी 1983 से)

**देशबन्धु परिवार**

**पुण्य स्मरण करता है**

CMYK